नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.)
ऑनलाइन ऑफ केम्पस काउंसलिंग कार्यक्रम 2018-19
Bachelor of Veterinary Science and Animal Husbandry (B.V. Sc. & A.H.) / Bachelor of Fishery Science (B.F. Sc.)

प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड, भोपाल म.प्र. द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा प्री. वेटनरी एण्ड फिशरी टेस्ट 2018 (PV & FT-2018) द्वारा घोषित परिणामों के आधार पर मध्यप्रदेश के मूल निवासियों को नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर में प्रवेश लेनें के इच्छुक समस्त उम्मीदवार अर्हताकारी परीक्षा में मेरिट के आधार पर तालिका क्र. 1 में दर्शाये कार्यक्रमानुसार बी.व्ही.एस.सी. एण्ड ए.एच. (5-1/2 वर्षीय)/ बी.एफ.एस.सी. (4 वर्षीय) पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने हेतु ऑनलाईन ऑफ केम्पस काउंसलिंग में इन्टरनेट के माध्यम से अपने घर/शहर/गांव से वेबसाईट www.ndvsu.org या www.crisponlineservices.com के माध्यम से समस्त पात्र अभ्यर्थी सम्मिलित हो सकते हैं।

तालिका क्र. 1

B.V. Sc. & A.H / B.F.Sc.

काउंसलिंग के चरण	अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन, इच्छित संस्थाओं में प्राथमिकता क्रम का चयन एवं पोर्टल शुल्क का भुगतान कर लॉक करना	आवंटन पत्रों की ऑनलाईन उपलब्धता	आवंटित महाविद्यालय में प्रवेश शुल्क के साथ अभ्यार्थी की स्वयं की उपस्थिति, दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश	प्रवेश के पश्चात अपग्रेडेशन का विकल्प ऑनलाईन प्रस्तुत करना (केवल बी.व्ही.एस.सी.एण्ड ए.एच. पाठ्यक्रम हेतु)
प्रथम चरण	28.07.2018 से 06.08.2018 (रात 12 बजे तक)	08.08.2018	10.08.2018, 13.08.2018 एवं 14.08.2018 (अवकाश दिवस छोड़कर) सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक	10.08.2018 से 15.08.2018 (रात 12 बजे तक)
द्वितीय चरण (सीट रिक्त रहने पर)	16.08.2018 से 22.08.2018 (रात 12 बजे तक)	24.08.2018	27.08.2018 से 29.08.2018 (अवकाश दिवस छोड़कर) (सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक)	27.08.2018 से 30.08.2018 (रात 12 बजे तक)
तृतीय चरण (सीट रिक्त रहने पर)	01.09.2018 से 07.09.2018 (रात 12 बजे तक)	11.09.2018	13.09.2018, 14.09.2018 एवं 17.09.2018 (अवकाश दिवस छोड़कर) सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक	निरंक

- प्रवेश नियम, काउंसलिंग प्रक्रिया, उपलब्ध सीटें, श्रेणीवार प्रवेश की न्यूनतम अंक सीमा (cut off marks) या उससे अधिक एवं शुल्क की विस्तृत जानकारी www.ndvsu.org तथा www.crisponlineservices.com पर उपलब्ध है जिसका उम्मीदवार सूक्ष्मता से अध्ययन करने के बाद ही ऑनलाईन पंजीयन करायें।
- B.V. Sc. & A.H एवं B.F.Sc. में प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी पंजीयन कराते समय दोनों पाठ्यक्रमों हेतु अलग-अलग विकल्प चिन्हित करें।
- प्रवेश हेतु प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड, भोपाल मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा पी.व्ही.एण्ड एफ.टी. 2018 (PV & FT-2018) में दिये गये प्रवेश नियमों का पालन किया जावेगा एवं दर्शाये गये प्रारूप अनुसार ही वांछित प्रमाण-पत्र लाना अनिवार्य होगा।
- स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, सैनिक, दिव्यांग एवं कृषक (केवल बी.व्ही.एस.सी. एण्ड ए.एच. पाठ्यक्रम में) वर्गों के अभ्यर्थी ऑनलाईन पंजीयन करते समय अनिवार्य रूप से वर्ग चिन्हित करें।
- अभ्यर्थी द्वारा किसी भी चरण में एक बार पंजीयन करने के पश्चात अगले चरण में पंजीयन की आवश्यकता नहीं है।
- किसी भी समय पर अगर यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी द्वारा गलत जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत कर प्रवेश लिया गया है तो संबंधित अभ्यर्थी का प्रवेश निरस्त किया जायेगा एवं विश्वविद्यालय नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।
- ऑनलाईन काउंसलिंग के द्वारा आवंटित महाविद्यालय में प्रवेश शुल्क जमा कर प्रवेश लेने के उपरांत ही अभ्यर्थी अपग्रेडेशन का विकल्प ऑनलाईन केवल उसी चरण में एक बार भर सकता है। अगले चरण में अपग्रेडेशन के विकल्प की सुविधा नहीं दी जाऐगी।
- प्रत्येक चरण के ऑनलाईन काउंसलिंग में रिक्त सीटों पर प्रवेशित अभ्यर्थियों के अपग्रेडेशन उपरांत ही शेष रिक्त सीटों पर आवंटन किया जावेगा।

क्र.1327/ प.चि./अ.सं./2018, दिनांक : 25.07.2018

अधिष्ठाता संकाय